पत्रांक : – 2203/OSD to DM

दिनांक– 13/05/24

Through E-Filing (E-mail: judicial-ngt@gov.in)

To,

The Registrar,
Principal Bench,
Hon'ble National Green Tribunal,
Copernicus Marg, New Delhi.

**Sub: Response/Status report in compliance to Order passed on 05.03.2024 by Hon'ble National Green Tribunal, Delhi in OA No.-219/2024 Syed Ashhar Tauseef Vs. Kamal Faruqui.**

Respected Sir,

In compliance of the direction passed by Hon'ble National Green Tribunal dated 05-03-2024 in the matter mentioned above, the response/status report is hereby attached with the request to put up before Hon'ble National Green Tribunal for kind perusal.

Your Sincerely,

Enclosure : Response / Status report.

(Rajesh Kumar Tyagi)
District Magistrate
Amroha

डा0 सैय्यद अशहर तौसीफ की शिकायत के आधार पर माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली में विचाराधीन ओरिजनल एप्लीकेशन नं0 219/2024 सैय्यद अशहर तौसीफ बनाम कमाल फारूखी में पारित आदेश दिनांक 05.03.2024 जिसमें गाटा संख्या 403 व 404 पर चार विद्यालयों (1) राशिदा बेगम मुस्लिम विद्यालय निजामपुर गर्वी धनौरा रोड, अमरोहा (2) मेस्को पब्लिक स्कूल निजामपुर गर्वी अमरोहा (3) मेस्को इन्स्टीटयूट ऑफ फार्मेसी निजामपुर गर्वी अमरोहा (4) मेस्को इन्स्टीटयूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइसेंज निजामपुर गर्वी अमरोहा की मान्यता लिये जाने व 1359 फ0 वर्ष में गाटा सं0 403 व 404 चकबन्दी पूर्व गाटा संख्या 311 से बना हुआ है और इस पर तालाब दर्ज है और तालाब का स्वरूप बदल I नहीं जा सकने की शिकायत की जांच के लिये श्रीमान जिलाधिकारी अमरोहा द्वारा पत्रांक 77/एन–जे 8/जनरल–2024 दिनांक 23.4.2024 के द्वारा जनपद स्तर के 4 अधिकारियों की समिति गठित करने के आदेश पारित किये गये। उक्त के कम में गठित समिति की संयुक्त जांच आख्या निम्नवत है :–

संयुक्त जांच समिति द्वारा अभिलेखीय व स्थलीय जांच की गई और विद्यालयों की मान्यता संबंधी अभिलेखो का परीक्षण किया गया तथा आवश्यक पैमाइश व निशानदेही की गई। उपरोक्त 4 विद्यालयों में से 03 विद्यालय (1) राशिदा बेगम मुस्लिम विद्यालय निजामपुर गर्वी धनौरा रोड, अमरोहा (2) मेस्को पब्लिक स्कूल निजामपुर गर्वी अमरोहा (3) मेस्को इन्स्टीटयूट ऑफ फार्मेसी निजामपुर गर्वी अमरोहा संचालित अवस्था में है जबकि **(4) मेस्को इन्स्टीटयूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइसेंज निजामपुर गर्वी अमरोहा का धरातल पर कोई अस्तित्व अथवा संचालन नहीं है।** उपरोक्त विद्यालय जिन गाटा संख्याओं पर बने है उनका अभिलेखीय परीक्षण एवं स्थलीय निरीक्षण करने पर ज्ञात हुआ कि राजस्व अभिलेख खतौनी 1428–1433 फ0 के खाता संख्या 254 **गाटा संख्या 402** रकबा 0.162है0 व खाता संख्या 252 **गाटा संख्या 403** रकबा 0.295है0 जिस पर खातेदार का नाम राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय अमरोहा द्वारा प्रबन्धक नासिर हसन पुत्र शम्सुल हसन नि0 मौहल्ला सददो अमरोहा अंकित है तथा खाता सं0 253 **गाटा संख्या 404** रकबा 0.717है0 जिस पर खातेदार 1– श्री कमाल अहमद फारूखी पुत्र नफीस अहमद फारूखी नि0 त्रिपोलियान अमरोहा 2– राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय अमरोहा द्वारा प्रबन्धक नासिर हसन पुत्र शम्सुल हसन नि0 मौहल्ला सददो अमरोहा व खाता संख्या 60 **गाटा संख्या 405** रकबा 0.263है0 जिस पर खातेदार श्री कमाल अहमद फारूखी पुत्र नफीस अहमद फारूखी नि0 त्रिपोलियान अमरोहा का नाम संक्रमणीय भूमिधर श्रेणी 1 (क) की भूमि के रूप में दर्ज कागजात है। ग्राम निजामपुर गर्वी में सन 1993–94 में चकबन्दी प्रकिया पूर्ण हुई चकबन्दी आकार पत्र 45 में खाता सं0 258 गाटा सं0 404 रकबा 1.77 एकड पर मौहम्मद रफी पुत्र अब्दुल रहमान उर्फ भौंदा व मौहम्मद नूर पुत्र चांद नि0 मौ0सटटी श्रेणी 1 क संक्रमणीय भूमिधर दर्ज है व खाता सं0 244 गाटा सं0 403 रकबा 0.73 एकड पर मौहम्मद नूर पुत्र चांद नि0मौ0 जाफरी श्रेणी 1 क संक्रमणीय भूमिधर दर्ज है **ध्यातव्य है कि चकबन्दी आकार पत्र 41 में गाटा सं0 404 रकबा 1.77 एकड के विशेष विवरण में तालाब रकबा 1.77 एकड अंकित है।**

चकबन्दी आकार पत्र 41 का अवलोकन करने पर यह भी ज्ञात हुआ कि वर्तमान गाटा सं0 403 व 404 पुरानी गाटा सं0 311 से बने है। आधार वर्ष 1359 फसली के खसरे में पुरानी गाटा सं0 311 पर तालाब अंकित है तथा आधार वर्ष 1359 फसली की खतौनी के खाता सं0 157 गाटा सं0 311 रकबा 0.44 एकड खाता सं0 113 गाटा सं0 311/3 रकबा 0.08 एकड खाता सं0 217 गाटा सं0 311 (अ) रकबा 1.54 एकड खाता सं0 129 गाटा सं0 311 रकबा 0.7 एकड खाता सं0 149 गाटा 311अ/2 रकबा 0.41 एकड पर फैज बख्श, ईदा, अली अहमद पिसरान हुसैन बख्श व मिन्टा उर्फ छिददा वल्द अली बख्श कौम भटियारा साकिन अमरोहा का नाम (आराजी जिस पर आसामियान बाहैसियत दखिलकार काबिज हो) 1– असामियान दखीलकार बामुजिव एक्ट नम्बर 2 सन 1901ई0 एक्ट हाय साबिक दखीलकार कराये दे दिये गये हों) दखीलकार काश्तकार के रूप में दर्ज है।

मौके पर दिनांक 07.05.2024 को राजस्व टीम व विनियमित क्षेत्र के अवर अभियन्ता द्वारा राजस्व अभिलेख शजरे के अनुसार प्रश्नगत विद्यालय/महाविद्यालय परिसर की पैमाइश कर निशानदेही की गई। पैमाईश उपरान्त ज्ञात हुआ कि

(1) राशिदा बेगम मुस्लिम विद्यालय निजामपुर गर्वी धनौरा रोड, अमरोहा, जिसे नजरी नक्शा में (R) से प्रदर्शित किया गया है, का शैक्षणिक भवन गाटा सं0 403 रकबा 0.295है0 के 812.60 वर्गमीटर भू भाग पर बना है।

(2) मेस्को पब्लिक स्कूल निजामपुर गर्वी अमरोहा, जिसे नजरी नक्शे में (M-1)से प्रदर्शित किया गया है, का शैक्षणिक भवन गाटा सं0 404 रकबा 0.717है0 के 222 वर्गमीटर भू भाग पर बना है।

(3) मेस्को इन्स्टीटयूट ऑफ फार्मेसी निजामपुर गर्वी अमरोहा, जिसे नजरी नक्शे में (M-2)से प्रदर्शित किया गया है, का शैक्षणिक भवन गाटा सं0 404 रकबा 0.717है0 के 709.40 वर्गमीटर भू भाग पर बना है।

(4) गाटा सं0 403 क्षेत्रफल 0.295है0 का अवशेष 2137.40 वर्गमीटर व गाटा सं0 404 क्षेत्रफल 0.717है0 का अवशेष 6238.60 वर्ग मीटर भूमि स्कूल/महाविद्यालय द्वारा क्रीडा स्थल के रूप में प्रयुक्त की जा रही है। (नजरी नक्शा संलग्न है)

**नियत प्राधिकारी/उपजिलाधिकारी विनियमित क्षेत्र अमरोहा की मानचित्र सम्बन्धी बिन्दुवार जॉच आख्या के अनुसार**

1. **मानचित्र संख्या 608/2011 (आवेदक–मेस्को पब्लिक स्कूल अमरोहा)** दिनांक 22.11.2011 को प्रस्तुत की गयी जिस पर स्वामित्व संबंधी तत्कालीन क्षेत्रीय लेखपाल की आख्या दिनांक 05.06.2012 के अनुसार आवेदक का गाटा सं0 398, 399, 403, 404 व 405 पर स्वामित्व है एवं स्थल को विवाद रहित बताया है। तत्पश्चात अन्य औपचारिकतायें पूर्ण कराते हुये दिनांक 13.07.2012 को मानचित्र स्वीकृत किया गया है।
2. **मानचित्र संख्या 96/2020 (आवेदक–मेस्को पब्लिक स्कूल अमरोहा)** दिनांक 13.03.2020 को प्रस्तुत की गयी जिस पर स्वामित्व संबंधी तत्कालीन क्षेत्रीय लेखपाल की आख्या दिनांक 05.06.2012 को आधार मानते हुये तत्कालीन अवर अभियन्ता विनियमित क्षेत्र अमरोहा द्वारा दिनांक 26.12.2020 को मानचित्र स्वीकृत की संस्तुति

की गयी। जिस पर नियत प्राधिकारी द्वारा दिनांक 31.12.2020 को मानचित्र स्वीकृत किया गया है।

3. मानचित्र संख्या 222/2023 (आवेदक–मेस्को इन्स्टीटयूट ऑफ फार्मेसी निकट राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय अमरोहा) डा0 सैय्यद अशहर तौसीफ द्वारा लिखित शिकायत करने पर तहसीलदार अमरोहा से दिनांक 22.09.2023 को आख्या प्राप्त की गई। तहसीलदार अमरोहा की जांच आख्या दिनांक 22.09.2023 के अनुसार प्रस्तावित मैस्को इंस्टि्टयूट ऑफ फार्मेसी ग्राम निजामपुर गर्वी, धनौरा रोड अमरोहा गाटा सं0 398, 402, 403, 404 में से गाटा सं0 404, 403 पर चकबंदी पूर्व गाटा सं0 311 से बना है। परन्तु 1359 फ0 वर्ष के अनुसार खसरें में गाटा सं0 311 'तालाब' दर्ज है और तालाब की भूमि का स्वरूप परिवर्तित नहीं किया जा सकता है, **के आधार पर मानचित्र सं0 222/2023 दिनांक 18.12.2023 को निरस्त कर दिया गया है।**
4. सै0 अशहर तौसीफ द्वारा आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर शिकायत सं0 40013723020365 के आधार पर जॉच मे उक्त संस्थाये गाटा सं0 404 तथा 403 स्थित ग्राम निजामपुर गर्बी में निर्मित/अवस्थित है। गाटा संख्या 403 व 404 चकबंदी पूर्व गाटा सं0 311 से बने है। 1359 फ0 खसरें में गाटा सं0 311 'तालाब' के रूप में दर्ज है और इसी कारण तालाब की भूमि का स्वरूप परिवर्तित नहीं किया जा सकता है, के आधार पर कार्यालय द्वारा दिनांक 07.03.2024 को पूर्व में स्वीकृत मानचित्र सं0 608/2011 (आवेदक–मेस्को पब्लिक स्कूल अमरोहा) व 96/2020 (आवेदक–मेस्को पब्लिक स्कूल अमरोहा) निरस्त किये गये है।
5. वर्तमान में उक्त स्वीकृत मानचित्रों की निरस्तीकरण के विरूद्ध में न्यायालय नियन्त्रक प्राधिकारी/जिलाधिकारी महोदय, अमरोहा के समक्ष अपील/वाद सं0 डी202413380000500 प्रबन्ध समिति राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय ग्राम निजामपुर गर्वी बनाम उ0प्र0 सरकार व वाद सं0 डी202413380000049 प्रबन्ध समिति राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय ग्राम निजामपुर गर्वी बनाम सरकार विचाराधीन हैं।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, अमरोहा की आख्या**–अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अमरोहा द्वारा निर्गत भू स्वामित्व प्रमाण पत्र की सत्यतता के संबंध में तत्कालीन प्रभारी अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, अमरोहा श्री सुखवीर सिंह, पी0सी0एस0 प्रधान प्रबन्धक किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0 नजीबाबाद जनपद बिजनौर द्वारा कार्यालय पत्रांक 3835 दिनांक 16.02.2024 द्वारा अवगत कराया गया कि सन्दर्भित प्रमाण पत्र दिनांक 24.01.2018 पर उनके हस्ताक्षर नही है तथा प्रश्नगत भू स्वामित्व प्रमाण पत्र नगर पालिका परिषद कार्यालय अमरोहा द्वारा जारी नही किया गया है।

**जिला विद्यालय निरीक्षक, अमरोहा** द्वारा अपनी जॉच आख्या में अवगत कराया है कि मान्यता के सम्बन्ध में अधिकृत क्षेत्रीय सचिव, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून को कार्यालय से पत्र संख्या सीबीएसई /12652–58/2023–24 दिनांक 21.03.2024 के द्वारा पत्र प्रेषित किया गया था। उक्त पत्र के प्रत्युत्तर/कार्यवाही केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड देहरादून (उत्तराखण्ड) सम्बद्धता शाखा में प्रदत्त मान्यता विषयक प्रकरण विचाराधीन है। जिला विद्यालय निरीक्षक अमरोहा द्वारा अपनी आख्या में यह भी अवगत कराया है कि नर्सरी से कक्षा 8 तक की मान्यता के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अमरोहा/मण्डलीय सहायक शिक्षा

निदेशक, मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद को प्रेषित पत्र सं0 12659—64 दिनांक 21.03.2024 के संबंध में प्रत्युत्तर/ कार्यवाही विचाराधीन है।

जॉच कमेटी के समक्ष श्री कमाल फारूकी, मैस्को ग्रुप आफ इन्स्टीटयूशन्स द्वारा अपना पक्ष प्रस्तुत किया गया। श्री कमाल फारूकी द्वारा मूल पत्रावली को प्रस्तुत न करते हुए निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत किये गये:—

1.केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी एक्सटेंशन प्रमाण पत्र संख्या CBSE/2132349/ EX—00510—2425/2024—25/ दिनांक 28.06.2023

2.मुख्य अग्निशमन अधिकारी अमरोहा द्वारा जारी नवीनीकरण प्रमाण पत्र संख्या यू0पी0एफ0एस0/2023/86023/ए0एम0आर0/अमरोहा /710/सी0एफ0ओ0 दिनांक 14.06.2023(मैस्को पब्लिक स्कूल धनौरा रोड हेतु )

3..मुख्य अग्निशमन अधिकारी अमरोहा द्वारा जारी नवीनीकरण प्रमाण पत्र संख्या यू0पी0एफ0एस0/2024/113466/ए0एम0आर0/अमरोहा /933/सी0एफ0ओ0 दिनांक 03.04.2024 ( राशिदा बेगम मुस्लिम महा विद्यालय धनौरा रोड हेतु )

4. मुख्य अग्निशमन अधिकारी अमरोहा द्वारा जारी नवीनीकरण प्रमाण पत्र संख्या यू0पी0एफ0एस0/2023/101078/ए0एम0आर0/अमरोहा /843/सी0एफ0ओ0 दिनांक 27.11.2023 ( मैस्को इन्स्टीटयूट ऑफ फार्मेसी धनौरा रोड हेतु)


उपरोक्त अभिलेखों के अतिरिक्त श्री कमाल फारूकी द्वारा गाटा संख्या 402, 403, 404 तथा 405 स्थित ग्राम निजामपुर गर्वी धनौरा रोड अमरोहा में एक ही परिसर में र्निमित (1) राशिदा बेगम मुस्लिम विद्यालय निजामपुर गर्वी धनौरा रोड, अमरोहा (2) मेस्को पब्लिक स्कूल निजामपुर गर्वी अमरोहा (3) मेस्को इन्स्टीटयूट ऑफ फार्मेसी निजामपुर गर्वी अमरोहा के विषय में उदार वादी तथा मानवता वादी दृष्टिकोण अपनाने का अनुरोध किया गया है, जिससे हजारो बच्चो की शिक्षा तथा भविष्य एवं सैकडो लोगो की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव न पडें।

उपरोक्तानुसार संयुक्त जाँच से स्पष्ट है कि संस्था के मानचित्रों के सम्बन्ध में नियंत्रक प्राधिकारी/जिलाधिकारी महोदय अमरोहा के समक्षअपील/वाद सं0 डी202413380000500 प्रबन्ध समिति राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय ग्राम निजामपुर गर्वी बनाम उ0प्र0 सरकार व वाद सं0 डी202413380000049 प्रबन्ध समिति राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय ग्राम निजामपुर गर्वी बनाम सरकार विचाराधीन हैं तथा जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा मान्यता के सम्बन्ध में सम्बन्धित /अधिकृत कार्यालयों को पत्राचार किया जा चुका है। आख्या अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

| | | |
|---|---|---|
| अधिशासी अधिकारी<br>न0पा0परि0 अमरोहा | जिला विद्यालय निरीक्षक<br>जनपद—अमरोहा<br>31/5/24 | मुख्य चिकित्साधिकारी<br>अमरोहा 31/5/2024 |

उपजिलाधिकारी,
अमरोहा

# MESCO SCHOOL BUILDING AFFECTED IN POND AREA
# VILL NIZAMPUR GARVI, DHANAURA ROAD, AMROHA UP




AFFECTED AREA =M1,M2 & R
GATA NO. 404 {M1(MESCO SCHOOL)=222SQMT,
M2 (MESCO INSTITUTE OF PHARMACY)=709.40SQMT
GATA NO. 403 R(RASHIDA BEGUM COLLEGE)=812.60SQMT
TOTAL AFFECTED AREA = 1744.00 SQ.MTS